http://www.onlinebu.com

# AG-1374

B.A. Private (Part - I)
Term End Examination, 2018-19

Paper - I

Hindi Literautre

http://www.onlinebu.com

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

**1.** निम्नलिखित पंक्तियों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 8×3

(क) ''राम रसाइण प्रेम रस, पीवत अधिक रसाल।
कबीर पीवण दुर्लभ है, मांगे सीस कलाल॥
कबीर भाठी कलाल की, बहुतक बैठे आइ।
सिर सौंपे सोई पीवैं, नहीं तौ पीया न जाई॥''

***अथवा***



http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com



तन जस पियर पान भा मोरा, तेई पर विरह देई झकझोरा।
सखिर झरहिं भरहिं वन ढाखा, भइ ओनंत फुल फरि शाखा।
करहिं वनस्पति हिये हुलासू, मो कहँ भा जग दून उदासू
फागु करहिं सब चांचरि जोरी, मोहि तन लाइ दीन्ह जस होरी।
जो पै पीउ जरत अस पावा, जरत-मरत मोहि रोष न पावा।
राति-दिवस बस यह जिउ मोरे, लगौं निहोर कंत अब तोरे॥

(ख) ''कोऊ आवत है तन स्याम
वैसेई पर वैंसिय-रथ बैठनि, वैंसिय है उर दाम
जैसी हुंति उठिं तैसिय दौरी, छांड़ि सकल गृहकाम।
रोम पुलक, गदगद भई तिहि छन सोचि अंग अभिराम।
इतनी कहत आय गए ऊधो, रहो ठगी तिहि ठाम।
सुरदास प्रभु हयां क्यों आवें बंधे कुब्जा रस स्याम॥''

***अथवा***



http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com


"सादर पुनि पुनि पूंछति ओही, सबरी गान
मृगी जनु मोही

तसि मति फिरी अहइ जसि भावी, रहसि चेरि
घात जनु फाबी

तुम्ह पूंछहु में कहत डेरांऊ, घरेहु मोर घर
फोरी नाऊं

सजि प्रतीति बहु विधि गढ़ि छोली, अवध
साढ़साती तब बोली

प्रिय सिय रामु कहा तुम्ह रानी, रामहि तुम्ह
प्रियम्हो फुरि बानी॥"

(ग) "रावरे रूप की रीति अनूप नयो नयो लागत
ज्यौं ज्यौं निहारिए।

त्यौं इन आखिन बानि अनोखी, अधानि कहूँ
नहिं आन तिहारिए।

एक ही जीव हुतौ सु तौ वारयो, सुजान सकोच
औ सोच सहारियै।

रोकी रहै न दहै घन आनन्द बावरी रीझ के
हाथनि हारियै।"

*अथवा*


http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com


अन्तर आँच उसास तचैअति, अंग उसीजै उदेग
की आवस,

ज्यौं कहलाए मसोसनि उमस क्यौं हूँ सुधरै
नहीं थ्यावस।

नैन उधारि हियैं बरसैं घन आनन्द छाई
अनौखियै पावस,

जीव निमूरति जान को आनन है बिन हेरें
सदाई अमावस।

2. कबीर अपने युग के प्रतिनिधि कवि हैं। इस कथन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 8

*अथवा*

"हिन्दी साहित्य में जायसी का वियोग वर्णन बड़ा ही मार्मिक और सजीव है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

3. "भ्रमरगीत में सूरदास का उपालम्भ वर्णन अत्यन्त मार्मिक है।" स्पष्ट कीजिए। 8

*अथवा*

"तुलसी का काव्य व्यापक समाज में सर्वाधिक लोकप्रिय और प्रभावशाली है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।


http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com



4. घनानंद की काव्य सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए। 8

*अथवा*

राम-भक्ति और कृष्ण-भक्ति शाखा की विशेषताएं और प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4×3 = 12

(क) रसखान की भक्ति भावना पर संक्षिप्त लेख लिखिए। http://www.onlinebu.com

(ख) रहीम के काव्य का सौन्दर्य एवं भाषा पर अपने विचार लिखिए।

(ग) विद्यापति का अप्रस्तुत विधान क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(घ) अष्टछाप कवियों का परिचय दीजिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(क) रसखान के गुरु का नाम क्या है?

(ख) उत्तर मध्यकाल का दूसरा नाम क्या है?

(ग) आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित द्रुत पाठ के कवियों का नाम क्या है?



http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com



(घ) 'सुजान रसखान' किसकी रचना है?

(ङ) 'बीजक' किस कवि की रचना है?

(च) 'कीर्तिलता' किसकी रचना है?

(छ) किस कवि को 'मैथिल कोकिल' कहा गया?

(ज) रहीम का पूरा नाम क्या था?

(झ) प्रेम की पीर के अमर गायक किस कवि को कहा गया?

(ञ) साख्य भाव की भक्ति किस कवि ने की थी?

(ट) घनानन्द किसके दरबारी कवि थे?

(ठ) 'प्रेम वाटिका' किसकी रचना है?

(ड) रसखान के गुरु का नाम क्या है?

(ढ) आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित कौन सा कवि पुष्टि सम्प्रदाय से जुड़ा है?

(ण) 'रामचरितमानस' कथा के तीन वक्ता कौन हैं?



http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com



(त) निजामुद्दीन औलिया की शिष्य परम्परा से आपके पाठ्यक्रम का कौन सा कवि जुड़ा था ?

(थ) कबीर के गुरु का नाम क्या था ?

(द) तुलसीदास ने किसका शिष्यत्व प्राप्त किया था ?

(ध) सूफीमत से आपके पाठ्यक्रम का कौन-सा कवि जुड़ा हुआ है ?

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



http://www.onlinebu.com